प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

25 जून 2025

# रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित विभिन्न बाज़ारों के व्यापार और निपटान समय की व्यापक समीक्षा पर कार्य दल की अनुशंसा

रिज़र्व बैंक ने रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित वित्तीय बाज़ारों के व्यापार और निपटान समय की व्यापक समीक्षा करने के लिए कार्य दल (अध्यक्ष: श्री राधा श्याम रथ) का गठन किया था। कार्य दल ने बाज़ार के और विकास, मूल्य निर्धारण और चलनिधि की आवश्यकताओं के अनुकूलन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य अपनी अनुशंसाएं प्रदान कीं। इसकी रिपोर्ट आरबीआई की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई, जिस पर जन सामान्य से टिप्पणियाँ आमंत्रित की गई थीं। रिज़र्व बैंक ने समिति की अनुशंसाओं के साथ-साथ प्राप्त फीडबैक की भी जांच की है और निम्नलिखित अनुशंसाओं को कार्यान्वित करने का निर्णय लिया गया है:

i) दिनांक 1 जुलाई 2025 से मांग मुद्रा के लिए बाजार का समय बढ़ाकर अपराह्न 7:00 बजे तक कर दिया जाएगा। तदनुसार, संशोधित बाजार समय पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 7:00 बजे तक होगा।

ii) दिनांक 1 अगस्त 2025 से बाजार रेपो और ट्राई-पार्टी रेपो (टीआरईपी) के व्यापर समय को बढ़ाकर अपराह्न 4:00 बजे तक कर दिये जाएंगे। तदनुसार, संशोधित व्यापार समय पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक होंगे।

iii) सरकारी प्रतिभूति बाजार, विदेशी मुद्रा बाजार और ब्याज दर डेरिवेटिव बाजार के लिए व्यापार समय यथावत् रहेंगे।

2. कार्य दल की अन्य अनुशंसाएं विचाराधीन हैं और उन पर यथासमय निर्णय लिए जाएंगे।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/586**